माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID – registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक : 1792/07/प्रशा0/MSU/2023–24 दिनांक : 11-01-24

सेवा में,

01. प्राचार्य/प्राचार्या
    समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय

02. समन्वयक शैक्षणिक
    विश्वविद्यालय परिसर

विषयः दिनांक : 12 जनवरी को स्वामी विवेकानन्द जयन्ती को "राष्ट्रीय युवा दिवस" के रूप में मनाये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक प्रमुख सचिव, युवा कल्याण अनुभाग, उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या–पचास–यु0क0–2024, दिनांक : 11 जनवरी, 2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा दिनांक : 12 जनवरी, 2024 को युवाओं को महान विचारक एवं युग प्रवर्तक तथा युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानन्द जी के विचारों एवं आदर्शों के महत्व से अवगत कराने हेतु विश्वविद्यालय/कॉलेज में उक्त पत्र में उल्लिखित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किये जाने की अपेक्षा की गई है।

इसके अतिरिक्त मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा दिनांक : 12 जनवरी, 2024 को "राष्ट्रीय युवा दिवस" के अवसर पर डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ0 प्र0, लखनऊ में युवाओं को पूर्वान्ह 11:00 बजे सम्बोधित किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम को प्रदेश के समस्त विश्वविद्यालय/कॉलेजों में सजीव प्रसारण कराये जाने की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने की अपेक्षा की गई है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि संलग्न पत्र में दिये गये निर्देशों के अनुपालन आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

संलग्नक – यथोपरि।

भवदीय

11.1.24

कुलसचिव

प्रतिलिपि अधोलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

01. प्रमुख सचिव, युवा कल्याण अनुभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
02. उपकुलसचिव।
03. कुलपति कार्यालय को कुलपति महोदय के सूचनार्थ।

कुलसचिव

संख्या-   /पचास-यु0क0-2024

प्रेषक,

आलोक कुमार,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन

सेवा में,

1. प्रमुख सचिव,
उच्च शिक्षा विभाग
उत्तर प्रदेश शासन |

2. प्रमुख सचिव,
प्राविधिक शिक्षा विभाग
उत्तर प्रदेश शासन |

3. प्रमुख सचिव,
आई0टी0 एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग
उत्तर प्रदेश शासन |

4. प्रमुख सचिव,
अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग
उत्तर प्रदेश शासन |

युवा कल्याण अनुभागः   **लखनऊः दिनांक   जनवरी,** 2024

विषयः दिनांक 12 जनवरी को स्वामी विवेकानन्द जयन्ती को "राष्ट्रीय युवा दिवस" के रूप में मनाये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

स्वामी विवेकानन्द जी की जयन्ती प्रत्येक वर्ष दिनांक 12 जनवरी को पूरे भारत वर्ष में हर्ष और उल्लास के साथ "**राष्ट्रीय युवा दिवस**" के रूप में मनाया जाता है। इस दिन को युवा दिवस के रूप में मनाये जाने का उद्देश्य स्वामी विवेकानन्द के विचारों और आदर्शों के महत्व को बढ़ावा देना है। देश का भविष्य युवाओं पर निर्भर करता है। इसलिए किसी भी देश के विकास में उस देश के युवाओं का महत्वपूर्ण योगदान होता है। ऐसे में यह अत्यधिक आवश्यक है कि युवाओं को सही मार्गदर्शन मिले। इसी उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि दिनांक 12 जनवरी को युवाओं को महान विचारक एवं युग प्रवर्तक तथा युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानन्द जी के विचारों एवं आदर्शों के महत्व से अवगत कराने हेतु निम्नवत् कार्यक्रम विश्वविद्यालय/ कॉलेज में कराने का कष्ट करें:-

(1) प्रदेश के समस्त विश्वविद्यालय/कॉलेजों में स्वामी विवेकानन्द जी के विचारों एवं आदर्शों से युवाओं को प्रेरित करने हेतु व्याख्यान माला का आयोजन कराया जाए।
(2) उत्तर प्रदेश स्टार्टअप निति के अन्तर्गत स्टार्टअप/ इन्क्यूबेटर्स को प्रोत्साहन राशि का वितरण कराया जाए।

(3) स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के अन्तर्गत स्मार्टफोन/टैबलेट के वितरण का कार्यक्रम आयोजित कराया जाए।

(4) राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के युवाओं को सशक्त बनाये जाने हेतु जो भी कार्यक्रम चलाये जा रहें है, उन कार्यक्रमों से युवाओं को अवगत कराया जाए।

(5) मेरा युवा भारत (MY BHARAT) पहल के तहत स्वयं सेवक गतिविधियों का संचालन कराया जाए ।

3- मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा दिनांक 12 जनवरी को **"राष्ट्रीय युवा दिवस"** के अवसर पर डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ0प्र0 लखनऊ में युवाओं को पूर्वान्ह 11:00 बजे सम्बोधित किया जाएगा । अतः उक्त कार्यक्रम को प्रदेश के समस्त विश्वविद्यालय/ कॉलेजों में सजीव प्रसारण कराये जाने की व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए उपरोक्त समस्त कार्यक्रमों के आयोजन तथा प्रचार-प्रसार हेतु निदेशक, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए तदनुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

Digitally Signed by आलोक कुमार
Date: 11-01-2024 14:50:41
Reason: Approved

(आलोक कुमार)
प्रमुख सचिव

<u>संख्या एवं दिनांक तदैव।</u>

प्रतिलिपि, निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

(1) निजी सचिव, मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन
(2) निजी सचिव, कृषि उत्पादन आयुक्त, उत्तर प्रदेश शासन,
(3) प्रमुख सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उत्तर प्रदेश शासन,
(4) महानिदेशक, युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग, उ0प्र0 लखनऊ,
(5) निदेशक, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, उत्तर प्रदेश,
(6) समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश,
(7) समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश,
(8) रजिस्ट्रार, डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ0प्र0 लखनऊ
(9) गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(आलोक कुमार)
प्रमुख सचिव